Need to construct railway over bridge/underpass at railway crossings in Misrikh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-laid

श्री अशोक कुमार रावत **(मिश्रिख) :** मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख के अंतर्गत नगर पालिका बिल्हौर क्रॉसिंग लेवल संख्या- 64, व नगर पंचायत कछौना के अंतर्गत बालामऊ जंक्शन क्रॉसिंग संख्या- 258, चौबेपुर, और शिवराजपुर क्रॉसिंग संख्या 43 से निकलने वाली रेलवे क्रॉसिंग पर भारी यातायात होने के कारण क्रॉसिंग बंद होने पर सड़कों पर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है । कई कई घंट जाम लगा रहता है । लोग घंटो जाम में फंसे रहते हैं । आम लोग ही नहीं प्रशासनिक अधिकारी, आपातकालीन एंबुलेंस भी जाम में फंसे रहते हैं जिसके चलते मरीजों को अपनी जान भी गंवानी पड़ी है । इससे स्थानीय लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है । यहां के लोग काफी समय से रेलवे ओवर ब्रिज या अंडरपास बनाए जाने की मांग कर रहे हैं । ओवर ब्रिज का निर्माण हो जाए तो जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी । मैं माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि बिल्हौर, बालामऊ जंक्शन, चौबेपुर, शिवराजपुर में रेलवे ओवर ब्रिज या अंडरपास का निर्माण करने के लिए आवश्यक कदम उठाया जाये ।